वीरांगना रानी अवन्तीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय,बरेली।

प्रत्येक वर्ष की तरह हमारे महाविद्यालय में सत्र 2019–20 में भी सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु एक अन्तर्महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

आँकड़ो के अनुसार भारत में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं उत्तर प्रदेश में होतीं हैं तथा इन दुर्घटनाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित हमारा युवा वर्ग होता है। ऐसी स्थिति में दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेश पत्र संख्या–1635/2019 दिनांक 2 नवम्बर, 2019 के अनुपालन में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के मध्य एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था–**"ब्रासीलिया डिक्लेरेशन के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं में 2020 तक त्वरित कमी लाने हेतु उठाए जाने वाले कदम।"**

इस प्रतियोगिता के आयोजन हेतु माननीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली द्वारा जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए वीरांगना रानी अवन्तीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय, बरेली की प्राचार्य को नोडल अधिकारी के रूप में तथा महाविद्यालय को नोडल महाविद्यालय के रूप में नामित किया गया। विभिन्न स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए विभिन्न पुरस्कार राशियों की घोषणा की गयी जिसमें मण्डल स्तर पर तृतीय पुरस्कार 11,000 रू0, द्वितीय पुरस्कार 21,000 रू0 व तृतीय पुरस्कार 31,000 रू0 घोषित किया गया जोकि परिवहन मंत्रालय द्वारा विजयी प्रतिभागियों के बैंक खातें में पहुँचाया गया।

इस प्रतियोगिता में कुल 20 महाविद्यालयों से 39 छात्र–छात्राओं के मध्य जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्भागीय परिवहन अधिकारी डॉ0 अनिल गुप्ता जी ने की। निर्णायक मण्डल का कार्य श्री एस0के0 सूरी, अक्षय इन्टीट्यूट ऑफ इ0एच0एस0 स्टडीज, बरेली, डॉ0 सन्ध्या सक्सेना, प्राचार्या राजकीय महिला महाविद्यालय, बरेली व श्री जे0पी0 शुक्ला सह सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने किया। जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय की छात्रा लावण्या उपाध्याय ने प्रथम स्थान एवं अनुष्का सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

मण्डल स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा अनुष्का सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुयीं। परिवहन मंत्रालय, उत्तर प्रदेश की इस पहल ने निश्चित रूप से हमारे युवाओं में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित चेतना का संचार किया।

सड़क सुरक्षा से जुड़ी प्रतियोगिता के आयोजन से छात्राओं ने न केवल सड़क सुरक्षा से जुड़े कानूनों को जाना बल्कि सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने परिवार, आस–पड़ोस एवं जन सामान्य को संवेदनशील बनाया। अन्तर्महाविद्यालयी प्रतियोगिता होने से विभिन्न ग्रामीण व नगरीय पृष्ठभूमि से आये छात्र–छात्राओं के मध्य हुए आपसी विचार विमर्श ने उनके जीवन से जुड़े अनुभवों को समृद्ध बनाया। निश्चित तौर पर इस तरह के सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रम छात्र–छात्राओं व समाज के लिए उपयोगी एवं महत्वपूर्ण होते हैं।

महाविद्यालय का सदैव यह प्रयत्न रहता है कि छात्राएं इस प्रकार के आयोजनों में अधिक से अधिक प्रतिभागिता करें जिससे उनका बौद्धिक व मानसिक विकास हो व उनके विचार प्रस्तुतीकरण की क्षमताओं में निखार आये जो कि उनके व्यक्तित्व विकास में अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं।

सड़क सुरक्षा
श्री जे.पी. गुप्ता

तियोगिता
28.11.2019

सड़क सुरक्षा
दिनांकः-
स्थान :- खण्डेलवाल कालेज ऑफ
परिवहन विभाग,
श्री जे.पी. गुप्ता